न्यायालय जिला कलेक्टर, दौसा

पीठासीन अधिकारी :– अविचल चतुर्वेदी
आई0ए0एस0

प्रार्थना पत्र सं0 183/2019

1. भारतीय स्टेट बैंक शाखा जनक कॉलोनी महवा जिला दौसा(राज0)

प्रार्थी

बनाम

1. श्री हंसराज गुर्जर पुत्र श्री गोकल राम गुर्जर व श्री शिवरतन गुर्जर पुत्र श्री गोकल राम गुर्जर गांव व पोस्ट–गहनोली तहसील महवा जिला दौसा (राज0)

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अ0धा0 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 बंधक सम्पत्ति का कब्जा सुपुर्दगी बाबत।

उपस्थिति : श्रीमती रूकसाना, अधिवक्ता प्रार्थी बैंक।

आदेश दिनांकः 01.10.2019

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जनक कॉलोनी महवा जिला दौसा(राज0) ने अप्रार्थी/ऋणीगण श्री हंसराज गुर्जर पुत्र श्री गोकल राम गुर्जर व श्री शिवरतन गुर्जर पुत्र श्री गोकल राम गुर्जर गांव व पोस्ट–गहनोली तहसील महवा जिला दौसा (राज0) को 30000000/–(रूपये तीन करोड़) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ऋण सुविधा उपलब्ध कराते समय ऋणी द्वारा पुनः भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में परिसम्पत्ति के रूप में हाईपोथिकेशन किया गया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा बैंक का ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अंतर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी द्वारा अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गयी सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त हेतु **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 के तहत निवेदन किया है।

अधिवक्ता प्रार्थी बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जनक कॉलोनी महवा जिला दौसा को सुना गया। हमने प्रार्थी बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जनक कॉलोनी महवा जिला दौसा(राज0) द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। अप्रार्थीगण ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जनक कॉलोनी महवा जिला दौसा(राज0) को ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही कर उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी करने पर ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी द्वारा बंधक रखी गई सम्पत्ति अप्रार्थीगण श्री हंसराज गुर्जर पुत्र श्री गोकल राम गुर्जर व श्री शिवरतन गुर्जर पुत्र श्री गोकल राम गुर्जर के नाम गोदाम खसरा नम्बर 66/1, यूनिवर्सल कॉलेज के सामने गांव गहनोली तहसील महवा जिला दौसा जिसकी सीमायें पूर्व में कृषि भूमि खसरा नं0 20, पश्चिम में कृषि भूमि खसरा नम्बर 62, उत्तर में कृषि भूमि खसरा नम्बर 64 व 67, दक्षिण में कृषि भूमि खसरा नम्बर 60/22 स्थित है। कुल क्षेत्रफल 15800 वर्गमीटर जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है, का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी बैंक भारतीय स्टेट बैंक शाखा जनक कॉलोनी महवा जिला दौसा को, किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो तो, नियमानुसार आवश्यक होने पर पर्याप्त पुलिस बल पुलिस अधीक्षक, दौसा से प्राप्त कर कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार हो एवं नम्बर से कम हो। आदेश आज दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर,दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official